संस्थान कार्य विभाग
भारतीय प्रौद्योगिक संस्थान रूड़की

पत्रांक सं0 स.का.वि./निविदा/संग्रहीत जलावन लकड़ी (मिश्रित सोख्ता)/सं वा./1853 दिनांकः अक्टूबर 17,2024

अल्पकालिन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की परिसर में 156/1 विकास कुन्ज के पास संग्रहीत प्रकाष्ठ/मिश्रित सोख्ता की बिक्री / निस्तारण हेतु अधोहरताक्षरकर्ता द्वारा अलग–अलग बन्द लिफाफे में निविदाएं **संस्थान वास्तुविद** में दिनांक **06.11.2024** को **12.00** बजे तक आमंत्रित की जायेगी। निविदाएं उसी दिन अपरान्ह **12.30** बजे खोली जायेंगी।

कार्य का नाम	धरोहर राशि (रू0)	निविदा प्रपत्र मूल्य (रू0)
156/1 विकास कुन्ज के पास संग्रहीत प्रकाष्ठ/मिश्रित सोख्ता लगभग 7.875 घन मीटर की बिक्री / निस्तारण हेतु।	10000.00	1180.00

निविदा की शर्तें :–

1. निविदा प्रपत्र, **दिनांक 05-11-2024 को अपराहन 5.00 बजे तक** आवेदन पत्र के साथ स्वयं हस्ताक्षरित आई. डी., आवश्यक धरोहर धनराशि के रूप में नेशनलाइज्ड बैंक की एफ.डी.आर. जो **संस्थान वास्तुविद्, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की [Institute Architect, I.I.T.Roorkee]** के नाम बन्धक हो, व निविदा प्रपत्र (GST सहित) मूल्य रु. 1180/– वित एवं लेखा कार्यालय में जमा कर प्राप्त रसीद अधोहरताक्षरकर्ता के कार्यालय में जमा कर, प्राप्त किया जा सकता है।
2. निविदा, निविदा प्रपत्र पर ही मान्य होगी। धनराशि को अंको व शब्दों में हिन्दी अथवा अंग्रेजी में स्पष्ट लिखी जाये कटिंग पर निविदाकर्ता को अपने हस्ताक्षर करने आवश्यक है। अधूरी, कटिंग अथवा ओवरराईटिंग, बिना हस्ताक्षर की निविदा स्वीकार नहीं होगीं व बिना बोले निरस्त कर सील बन्द कर दी जायेगीं।
3. निविदा प्रपत्र में आवेदनकर्ता को अपना नाम, पता, मोबाईल नम्बर व ई–मेल आई. डी. (यदि है तो) स्पष्ट रुप में आवेदन पत्र में लगाई गयी आई. डी. के अनुरुप लिखना आवश्यक है। पते के सत्यापन के लिए आधार कार्ड/पैन कार्ड/फोटो पहचान पत्र में से किसी एक स्वयं सत्यापित फोटो प्रति निविदा प्रपत्र के साथ सलंग्न करना आवश्यक है।
4. यदि दो या दो से अधिक ठेकेदारो की निविदा की दरें समान पाई जाती है तो Negotiations के पश्चात सबसे अधिक दरें देने वाले निविदाकर्ता की निविदा मान्य होगी।
5. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु निम्न दस्तावेजों की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। यदि आवेदनकर्ता द्वारा निम्न दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराते है तो आवेदनकर्ता को निविदा प्रपत्र नहीं दिया जायेगा।
   - **जी0 एस0 टी0 रजिस्ट्रेशन**
   - **पेन कार्ड**
   - **आधार कार्ड**
   - **एफ0 डी0 आर0**
   - **मोबाइल नं0**
   - **निविदा प्रपत्र मूल्य रसीद**
6. निविदाकर्ता निविदा देने से पूर्व उल्लेखित प्रकाष्ठ/मिश्रित सोख्ता को अवश्य जांच लें । बाद में कोई आक्षेप मान्य नही होगा।
7. निविदादाता द्वारा कुल योग वास्तविक कुल योग से कम दर्शाया गया है व उसी कुल योग को उसने शब्दो में लिखा है।
8. उच्चतम निविदा का चयन प्राप्त उच्चतम दरों के आधार पर होगा। निविदादाता द्वारा दर्शायी गई दरों को शब्दो में व अंको में से जो अधिकतम होगी वही मान्य होगी।
9. निविदाकर्ता को निविदा खुलने के समय उपस्थित रहना चाहिए व निर्णय हेतु निविदा, खुलने से तीन माह तक वैद्य होगी।
10. प्रथम उच्चतम निविदाकर्ता को स्वीकृति पत्र निर्गत के तीन दिंन के अन्दर निविदा की पुर्ण धनराशि व लागू जी एस टी दोनों **कुलसचिव, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की (Registrar, I.I.T. Roorkee)** के नाम बने **दो अलग–अलग बैंक ड्राफ्ट** वित्त एवं लेखा कार्यालय /संस्थान वास्तुविद कार्यालय में जमा कराने होगें, जिसके पश्चात स्वीकृति पत्र के अनुरुप चिन्हित लकड़ी उठायी जायेगी। ऐसा न करने पर स्वीकृति निरस्त कर निविदाकर्ता की जमा धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
11. लकड़ी उठाने का कार्य स्वीकृति पत्र निर्गत के 20 दिंन के अन्दर कार्य दिवस एवं कार्यालय समय में पूर्ण करना होगा।
12. लकड़ी उठाते समय यदि किसी प्रकार की संस्थान की सम्पत्ति की क्षति होती हैं तो निविदाकर्ता को अपने व्यय से पूरी करनी होगी।

13. लकड़ी की निकासी हेतु नियमानुसार संस्थान से गेट पास व निकासी अनुमति कार्यालय, वन क्षेत्राधिकारी वनप्रभाग, गणेशपुर, रुड़की से निविदाकर्ता को स्वयं अपने स्तर से लेनी होगी।

14. लकडी उठाने के बाद साईट साफ कर छोडनी होगी। उक्त कार्य विलम्ब से करने पर निवदाकर्ता से 1000/- रूपये प्रतिदिन की दर से विलम्ब शुल्क वसूला जायेगा और यदि आवश्यक हुआ तो धरोहर राशि जब्त व निविदाकर्ता को ब्लेक लिस्ट भी किया जा सकता है।

15. लकड़ी की निकासी के दौरान सुरक्षा के सभी मानको का पालन करना होगा।

16. लकड़ी की निकासी के समय किसी भी लेबर के साथ यदि कोई दुर्घटना या जान माल की हानि होती है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित ठेकेदार की होगी। संस्थान की इसमें कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

17. डीन इन्फ्रास्टैक्चर, को किसी भी अथवा सभी निविदा को स्वीकृत अथवा बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार है।

संस्थान वास्तुविद्

प्रतिलिपिः—

1- डीन इन्फ्रास्टैक्चर, को सूचनार्थ प्रेषित।
2- सहायक कुलसचिव (वित्त एवं लेखा) को सूचनार्थ।
3- वन क्षेत्राधिकारी, वनप्रभाग, गणेशपुर, रुड़की को कार्यालय उप वन संरक्षक, हरिद्वार वन प्रभाग हरिद्वार के पत्रांक 6223/2—3, हरिद्वार दिनांक 04.03.2024 के सन्दर्भ में सूचनार्थ ।
4- सुरक्षा अधिकारी, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की को सूचनार्थ व समय पर सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराये जाने हेतु।
5- सहायक अधि0 अभियन्ता (उद्यान) को सूचनार्थ।
6- सहायक अभियन्ता (उद्यान) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7- नोटिस बोर्ड।